



HUNTSMAN

Enriching lives through innovation

हमारे मूल्य:

# Huntsman की सफलता का फ़ॉर्मूला

Huntsman व्यवसाय आचरण दिशानिर्देश

ethics & compliance



# सामग्री


**Peter Huntsman का संदेश** ........ 03

**हमारे मूल्य: Huntsman की सफलता का फ़ॉर्मूला** ........ 04

वैश्विक स्तर पर अपने मूल्यों को कायम रखना ........ 05
अपनी साझा ज़िम्मेदारियों को समझना ........ 06
प्रबंधन से उत्कृष्ट नेतृत्व की अपेक्षा रखना ........ 06
सही निर्णय लेना ........ 07
आवाज़ उठाना ........ 08
जांच रिपोर्ट ........ 09
कोई प्रतिशोध नहीं ........ 10

**हम ईमानदारी से बातचीत करते हैं** ........ 11

अपने उत्पादों की मार्केटिंग ........ 12
निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करना ........ 14
आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ सहभागिता करना ........ 16

**हम अपने कार्य सत्यनिष्ठा से करते हैं** ........ 17

हितों के टकराव से बचना ........ 18
भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर रोक लगाना ........ 20
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों का अनुपालन करना ........ 24
इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकना ........ 26
सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड बनाए रखना ........ 28

**हम सभी के प्रति सम्मान दिखाते हैं** ........ 30

सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देना ........ 31
अपने कार्यस्थल को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखना ........ 36
निजी जानकारी की रक्षा करना ........ 38
पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्थिरता प्रतिबद्धताएं ........ 40
अपने समुदायों के प्रति योगदान देना ........ 41
मानवाधिकारों का सम्मान करना ........ 43

**हम कंपनी की संपत्तियों का ज़िम्मेदारी से उपयोग करते हैं** ........ 44

भौतिक संपत्ति का ज़िम्मेदारी से उपयोग ........ 45
गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा की रक्षा करना ........ 47
सूचना प्रौद्योगिकी की सुरक्षा करना ........ 49
सोशल मीडिया का उपयोग करना और सार्वजनिक पूछताछ को संभालना ........ 50

**निष्कर्ष: हमारे लोग *सबसे* बेहतरीन हैं** ........ **52**

सारांश ........ 53
संसाधन ........ 53
छूट ........ 53

# Peter Huntsman का संदेश



प्रिय Huntsman सहयोगी,

पिछले पांच दशकों में, हमने साथ मिलकर Huntsman में एक मज़बूत और टिकाऊ विरासत का निर्माण किया है। इस उपलब्धि का केंद्र दो सरल अवधारणाएं हैं—सत्यनिष्ठा और चयन। हम सही तरीके से व्यवसाय करना पसंद करते हैं।

हम स्वयं के लिए सत्यनिष्ठा से कार्य करना पसंद करते हैं और एक दूसरे से इसका वादा करते हैं। यह अपने ग्राहकों और शेयर धारकों से की गई हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह ऐसी नींव है जिसके ऊपर भरोसेमंद संबंधों का निर्माण किया जाता है, जो समय के साथ मज़बूत होते जाते हैं। भरोसा जितना मूल्यवान होता है उतना नाज़ुक भी। इसलिए बहुत ज़रूरी है कि साथ मिलकर हम सही चयन करें और समझें कि हमें अपने आचरण को पेशेवर रखना चाहिए और कंपनी के राजदूत के तौर पर कार्य करना चाहिए। किसी को नहीं मालूम व्यावसायिक नैतिकता से जुड़ी हर समस्या का हल क्या होना चाहिए, लेकिन सही हल निकालने की ज़िम्मेदारी हमारी होती है।

हमारे व्यवसाय आचरण दिशानिर्देशों में शामिल जानकारी इस काम में आपकी सहायता करती है। इसी तरह, इस मार्गदर्शिका में बताए गए चैनलों के माध्यम से, Huntsman के सभी सहयोगियों की ज़िम्मेदारी बनती है कि कोई भी अनैतिक काम होता देख वे उसके विरुद्ध आवाज़ उठाएं—फिर चाहे वो काम जानबूझकर किया गया हो या अनजाने में।

अपने सभी सहयोगियों से हम अपेक्षा करते हैं कि वे हर दिन इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सही निर्णय लें और सही तरीके से व्यवसाय करने की प्रतिबद्धता दिखाएं, जिससे कि नैतिकता के उन उच्चतम मानकों को कायम रखा जा सके जिनके ऊपर हमारी विरासत को बनाया गया है और जिनके ऊपर हमारा भविष्य निर्भर करता है।

**अपने हर एक काम में हमारे मूल्यों का प्रदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद।**

**Peter R. Huntsman**
चेयरमैन, अध्यक्ष और सीईओ

# हमारे मूल्य: Huntsman की सफलता का फ़ॉर्मूला

Huntsman में, अपनी पहचान और सही तरीके से काम करने को लेकर हमारा जुनून हमें अपने सभी व्यावसायिक प्रयासों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देता है। हम ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सम्मान और ज़िम्मेदारी से जुड़े अपने मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्रतिबद्धता हमें विश्व स्तर पर एकजुट करती है और हम जो कुछ भी करते हैं उसमें विशेष रूप से एक दूसरे, हमारे ग्राहकों और हमारे व्यवसाय भागीदारों के साथ हमारे संबंधों में हमारे उच्च नैतिक मानकों को बढ़ावा देती है। हम में से प्रत्येक को Huntsman के मूल्यों पर खरा उतरना चाहिए ताकि हम हर दिन सही निर्णय लें पाएं।



## ईमानदारी

हम हर समय सटीकता और ईमानदारी से बातचीत करते हैं।

## सत्यनिष्ठा

हम अपने सभी कार्यों में सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को लागू करते हैं।

## सम्मान

हम सभी से सम्मान के साथ और सोच-विचार कर बातचीत करते हैं।

## ज़िम्मेदारी

हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह हैं।

### वैश्विक स्तर पर अपने मूल्यों को कायम रखना

ये दिशानिर्देश हम सभी पर लागू होते हैं, चाहे हम कहीं भी काम करें। हमसे हर समय सभी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, भले ही वो जटिल हों और बदलाव के अधीन हों, और हर देश में भिन्न हों। कानून के प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी सभी रखते हों, ऐसी अपेक्षा Huntsman में नहीं की जाती है, पर फिर भी हम में से प्रत्येक के ऊपर यह ज़िम्मेदारी है कि वह इन दिशानिर्देशों और नीतियों, पद्धतियों और कानूनों की जानकारी रखता हो जो कि हमारे विशिष्ट स्थान और कार्य पर लागू होते हों।





## अपनी साझा ज़िम्मेदारियों को समझना

Huntsman की साख हमारी कंपनी की ओर से काम करने वाले हर व्यक्ति के कार्य पर टिकी हुई है। हम अपने मूल्यों को बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदारी साझा करते हैं, और उम्मीद करते हैं कि हर कोई हमारे उच्च नैतिक मानकों का पालन करेगा।

## प्रबंधन से उत्कृष्ट नेतृत्व की अपेक्षा रखना

प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों से उत्कृष्ट नेतृत्व अपेक्षित होता है। हम मानते हैं कि सहयोगियों के साथ-साथ ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों में Huntsman के मूल्यों को बढ़ावा देने का यह सबसे अच्छा तरीका है। प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों के रूप में, हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:

- उच्चतम सत्यनिष्ठा के साथ और अपने मूल्यों के अनुसरण में काम करें।
- हमें सीधे रिपोर्ट करने वालों को सामान्य रूप से इन दिशानिर्देशों और नैतिक आचरण के महत्व की जानकारी दें।
- ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाएं जहां हमें सीधे रिपोर्ट करने वाले और अन्य सहयोगी प्रश्न पूछने और चिंताएं जताने में संकोच न करते हों।
- ऐसी परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहें जो कि इन दिशानिर्देशों या कानून का उल्लंघन कर सकती हों।
- ऐसी किसी भी स्थिति के बारे में उचित व्यक्तियों को तुरंत सूचित करें जो कि अनैतिक हो या Huntsman की साख को संभावित रूप से नुकसान पहुंचा सकती हो।
- गोपनीयता का सम्मान करें और प्रतिशोध पर रोक लगाएं।

# सही निर्णय लेना

कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि हमें कार्रवाई करने में अनिश्चितता का सामना करना पड़े या हो सकता है कि हमें यह न पता हो कि जो कार्य हम करने या निर्णय लेने जा रहे हैं, वह नैतिक या कानूनी है या नहीं। ऐसी स्थितियों में, हमें खुद से ये प्रश्न पूछने चाहिए:

- क्या मैं हमारे दिशानिर्देशों, नीतियों और पद्धतियों और मेरे क्षेत्र पर लागू सभी कानूनों का पालन कर रहा/रही हूं?
- यह निर्णय लेने से पहले मुझे किस प्रकार के मार्गदर्शन की आवश्यकता है?
- क्या मेरे कार्यों के कारण Huntsman को कोई नकारात्मक परिणाम भुगतना पड़ सकता है?
- क्या Huntsman में कोई है जिसे मेरे प्रस्तावित या पूर्ण कार्यों के बारे में पता होना चाहिए?
- क्या मैं अपने कार्यों को जनता के सामने प्रकट करना चाहूंगा/चाहूंगी? क्या मेरे परिवार को मेरे कार्यों पर गर्व होगा?





## आवाज़ उठाना

यदि आपको अभी भी किसी विशेष स्थिति के बारे में कोई प्रश्न पूछना है, या किसी समस्या या चिंता के बारे में रिपोर्ट करनी है, तो आपको निम्न में से एक या अधिक संसाधनों से संपर्क करना चाहिए:

- आपका लाइन प्रबंधक
- आपका स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपका परिसर अनुपालन अधिकारी: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/facility-compliance-officers
- कोई भी अनुपालन चैम्पियन: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/compliance-champions
- नैतिकता और अनुपालन टीम: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/ethics-and-compliance-team और ethics@huntsman.com
- मुख्य अनुपालन अधिकारी
- विधि विभाग
- सामान्य परामर्शदाता
- स्पीक अप हॉटलाइन: www.huntsman.com/speakup (देश-विशिष्ट फ़ोन नंबरों के लिए नैतिकता और अनुपालन इंट्रानेट साइट देखें)

स्पीक अप हॉटलाइन का संचालन एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा किया जाता है और यह कई भाषाओं में दिन में 24 घंटे, सप्ताह में सात दिन उपलब्ध है। स्पीक अप वेबसाइट में सीधे या किसी प्रतिनिधि से बात करके रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। यदि हॉटलाइन के उपयोग से रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है, तो स्थानीय कानून द्वारा अनुमत किए जाने पर कॉल करने वाले के अनुरोध पर उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और जांच-पड़ताल के लिए Huntsman को चिंता की जानकारी दी जाएगी।

निर्णय लेने संबंधी मानदंड और नीति के लिए अतिरिक्त संदर्भ इन्हीं दिशानिर्देशों के माध्यम से दिए जाते हैं। ये और अन्य महत्वपूर्ण नीतियां हमारी नैतिकता और अनुपालन इंट्रानेट साइट पर उपलब्ध हैं: huntsman.com/ethics

यदि हम में से किसी भी व्यक्ति को इन दिशानिर्देशों, नीतियों, पद्धतियों या कानून से जुड़े किसी भी संभावित उल्लंघन से संबंधित स्थिति की जानकारी होती है, तो इसकी रिपोर्ट तुरंत की जाए। आवाज़ उठाने से अवैध या अनैतिक कदाचार की घटना स्थल पर पहचान हो जाती है, मौजूदा परिस्थितियों को और खराब होने से रोका जा सकता है और भविष्य में कदाचार को रोकने में मदद मिलती है। नेक-नीयत से किसी भी चिंता को व्यक्त करने में संकोच नहीं करें।

## जांच रिपोर्ट

Huntsman कदाचार के बारे में नेक-नीयत से की गई सभी रिपोर्टों की जांच करेगा। रिपोर्ट बनाते समय आपको अपना नाम प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, क्योंकि रिपोर्टिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान जानने से अक्सर जांच में सहायता मिल सकती है। उचित जांच और समाधान की अनुमति देते हुए गोपनीयता को यथासंभव अधिकतम सीमा तक संरक्षित किया जाएगा।

निम्नलिखित प्रमुख बिंदु हमें प्राप्त होने वाली रिपोर्टों के प्रति हमारे दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं:

**शीघ्र ध्यान.** एक बार चिंता की सूचना मिलने के बाद, इसे हमारी नैतिकता और अनुपालन टीम को भेजा जाता है। रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के बाद उसे नैतिकता और अनुपालन के पास उचित कार्रवाई या जांच के लिए विचारार्थ भेजा जाता है।

**गहन जांच.** Huntsman जल्दी से एक जांच-पड़ताल शुरू करेगा, सभी उपलब्ध तथ्यों को इकट्ठा करेगा, और यह निर्धारित करेगा कि निषिद्ध आचरण हुआ है या नहीं।

**फॉलो-अप कार्रवाई।** खोजी निष्कर्षों के आधार पर, Huntsman किसी भी अनुचित या अनैतिक आचरण को रोकने और निवारण करने के लिए उचित कार्रवाई करेगा।

**आरोपों को गंभीरता से लिया जाता है।** भेदभाव, उत्पीड़न और/या प्रतिशोध के आरोपों सहित सभी रिपोर्टों को गंभीरता से लिया जाएगा और तुरंत गोपनीय तरीके से जांच की जाएगी, हालांकि पूर्ण गोपनीयता की हमेशा गारंटी नहीं दी जा सकती है।

**सहयोग की उम्मीद।** सभी सहयोगियों से पूर्ण सहयोग करने और किसी भी जांच में Huntsman की सहायता करने की उम्मीद की जाती है। सहयोग करने में किसी सहयोगी की असफलता के परिणामस्वरूप उसके ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, और नौकरी से निष्कासित तक किया जा सकता है।

**उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई।** इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाला कोई भी सहयोगी उचित अनुशासनात्मक या सुधारात्मक कार्रवाई के अधीन होगा, और उसे नौकरी से निष्कासित तक किया जा सकता है।

**पर्यवेक्षक या प्रबंधक द्वारा रिपोर्ट करने में विफलता।** ऐसे पर्यवेक्षकों और प्रबंधकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है जो शिकायत या अनुचित व्यवहार से अवगत हैं, लेकिन जो रिपोर्ट करने या जहां उपयुक्त हो, ऐसे आचरण के जवाब में त्वरित कार्रवाई में विफल रहते हैं।

**उल्लंघन के परिणाम।** उल्लंघन के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें शामिल व्यक्तियों का नौकरी से निष्कासन और यहां तक कि उन व्यक्तियों और/या Huntsman को आपराधिक दंड भी शामिल हैं।

## कोई प्रतिशोध नहीं

प्रतिशोध लेना तब कहा जाता है जब सहयोगियों, आवेदकों, या उनके साथ निकटता से जुड़े लोगों के साथ कम अनुकूल व्यवहार किया जाता है, क्योंकि उन्होंने किसी मुद्दे के बारे में रिपोर्ट की या उसे उठाया, या अनुपालन जांच या मुकदमेबाजी में भाग लिया (जैसे कि गवाह बनना)।

किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नेक-नीयत से अनुपालन संबंधी मुद्दा उठाने या चिंता व्यक्त करने पर प्रतिशोध लेना निषिद्ध है। यदि आप नेक-नीयत से रिपोर्ट करते हैं, तो आपके ऊपर अनुशासनात्मक या अन्य प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी, भले ही आपने जिस व्यवहार पर सवाल उठाया हो वह गैरकानूनी या अनैतिक साबित न हुआ हो। "नेक-नीयत" का अर्थ है कि आप ईमानदार, सच्ची और पूरी रिपोर्ट देने के लिए अपने पास उपलब्ध सारी सूचनाएं देते हैं।



## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरी टीम के एक सहयोगी ने स्वीकार किया कि उसने स्पीक अप हॉटलाइन में रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने मुझे बताया कि उनकी रिपोर्ट में हमारे बॉस शामिल थे। तब से, मैंने गौर किया है कि हमारे बॉस उनसे अच्छा व्यवहार नहीं कर रहे हैं, और मुझे संदेह है कि उनके उस व्यवहार का कारण यह रिपोर्ट है। मुझे ठीक से नहीं पता कि क्या करना है। क्या इसमें शामिल नहीं होना बेहतर होगा? क्या मुझे इस मुद्दे पर चुप रहना चाहिए?

**A:** नहीं, आपको अपनी चिंताओं के बारे में रिपोर्ट करनी चाहिए। आपके प्रबंधक का व्यवहार प्रतिशोध का संकेत हो सकता है। क्योंकि आप नेक-नीयत से संदेह कर रहे हैं, आपको अपने परिसर अनुपालन अधिकारी, नैतिकता और अनुपालन टीम, स्पीक अप हॉटलाइन, या किसी अन्य रिपोर्टिंग संसाधन को रिपोर्ट करना चाहिए। हम प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करते हैं, और रिपोर्टिंग प्रतिशोध को रोकने या निवारण करने में मदद करती है।




# हम ईमानदारी से बातचीत करते हैं

Huntsman में हम हमेशा ईमानदारी से बातचीत करते हैं। अपने सहयोगियों से बातचीत करते समय, अपने उत्पादों की सटीकता से मार्केटिंग के दौरान, निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हुए और आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों से सत्यनिष्ठा से सौदे करते समय हम इसी सिद्धांत का पालन करते हैं।

# अपने उत्पादों की मार्केटिंग

अपने बनाए उत्पादों की मार्केटिंग करते और सेवाएं देते समय हम गर्व से ईमानदारी और पारदर्शिता रखते हैं; ऐसा इसलिए क्योंकि हम जानते हैं कि इस प्रकार से Huntsman में लोगों का विश्वास जागृत होता है। बाज़ार में व्यावसायिक बढ़त बनाए रखने और अपनी साख कायम रखने के लिए हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करते हैं।

हम अपने उत्पादों या सेवाओं के बारे में ग्राहकों और व्यवसाय भागीदारों को कभी गुमराह नहीं करते हैं। हम स्पष्टता और ईमानदारी के माध्यम से विश्वास का निर्माण करते हैं। क्योंकि हम अपने द्वारा बनाए गए संबंधों को महत्व देते हैं, इसलिए हम ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ की जाने वाली सभी बातचीत को Huntsman की तरक्की के अवसरों के रूप में देखते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

निम्न का पालन करते हुए अपने उत्पादों की ईमानदारी से और प्रभावी ढंग से मार्केटिंग की जा सकती है:

- अपने उत्पादों और सेवाओं की क्षमताओं को कभी भी गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया जाए।
- प्रतियोगियों को अपमानित किए बिना अपने उत्पादों और सेवाओं के महत्व को हाइलाइट किया जाए।
- कार्यान्वयन समयरेखा का सही अनुमान लगाते हुए उसकी जानकारी दी जाए।
- मार्केटिंग और विज्ञापन सामग्री की सटीकता और सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।



## उत्तर तैयार करना

**Q:** मैं बिक्री विभाग में काम करता/करती हूं, और मैं अपने त्रैमासिक लक्ष्य को पूरा करने के करीब हूं। अगर मेरा लक्ष्य पूरा हो गया, तो मुझे व्यक्तिगत प्रदर्शन बोनस प्राप्त होगा। हाल ही में, किसी संभावित ग्राहक के साथ बातचीत के दौरान समझौता कर पाना मुश्किल हो गया। बिक्री को अंजाम देने के लिए, मैंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित कार्य बहुत कम समय सीमा में पूरा किया जा सकता है। मुझे पूरी तरह से यकीन नहीं था कि ऐसा संभव हो पाएगा, लेकिन मैंने सोचा कि ग्राहक को कोई आपत्ति नहीं होगी क्योंकि अनुबंध में यह नहीं बताया गया होगा कि समय-सीमा से पहले काम पूरा किया जाना आवश्यक है। अभी तक सौदे को अंजाम नहीं दिया गया है, लेकिन मुझे चिंता है कि शायद मैंने ग्राहक को गुमराह किया है। क्या मैं सही काम कर रहा/रही हूं?

**A:** यदि कभी भी प्रतिबद्धता को पूरा किए जाने पर संदेह हो, तो आपको पर्यवेक्षक से परामर्श करना चाहिए। ऐसी शर्तें निर्धारित करें जिन्हें Huntsman वास्तविक रूप से हासिल कर सकता हो और जो ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के हमारे मूल्यों से मेल खाती हों। हम इस बात की अनुमति नहीं देते हैं कि वांछित प्रदर्शन लक्ष्य या कोटा हमारे नैतिक मानकों से समझौता करें। पर्यवेक्षक के साथ परामर्श करें और यदि आवश्यक हो तो संभावित ग्राहक के साथ ईमानदारी से बातचीत करें। अपेक्षाओं को शुरुआत में स्पष्ट करें जिससे कि ग्राहक निराश न होने पाए और हमारी साख को संभावित रूप से नुकसान न पहुंचे।



# निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करना

हम बाज़र में सभी लागू कानूनों का पालन करते हुए सख्ती से और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करते हैं। लाभ हासिल करने के लिए हमें अपने मूल्यों का त्याग नहीं करना चाहिए। प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त करने या व्यावसायिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए हम अपने नैतिक मानकों से कभी समझौता नहीं करते हैं। अविश्वास कानूनों सहित कानूनों का उल्लंघन करने से गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए:

- केवल सार्वजनिक या अन्य उपयुक्त स्रोतों से अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी एकत्र करें, और उन स्रोतों का दस्तावेज़ीकरण करें।
- अनजाने में किसी प्रतियोगी की गोपनीय या मालिकाना जानकारी प्राप्त करने पर विधि विभाग को सूचित करें।
- प्रतिस्पर्धी अवसरों को सीमित करने के लिए कभी भी धोखे का उपयोग न करें या गलत बयान न दें।
- प्रतियोगी की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से कभी भी भर्ती न करें।
- प्रतियोगियों को बाज़ार से बाहर निकालने के लिए कभी भी कम कीमत पर बिक्री न करें।
- प्रतियोगियों के साथ मूल्य निर्धारण, क्षेत्रों या ग्राहकों पर कभी चर्चा न करें।
- निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के मुद्दे के बारे में अनिश्चित होने पर नैतिकता और अनुपालन टीम या विधि विभाग से संपर्क करें।
- सभी आवश्यक प्रतियोगिता कानून प्रशिक्षण पूरा करें।

## और जानें

- अविश्वास और प्रतिस्पर्धा नीति
- अविश्वास और प्रतिस्पर्धा नीति आई-गाइड

## प्रतियोगिता कानून को समझना

प्रतिस्पर्धा और अविश्वास कानून वस्तुओं और सेवाओं के लिए प्रतिस्पर्धी बाज़ार सुनिश्चित करते हैं। ये कानून ऐसे अनुबंधों, प्रथाओं और व्यवहारों को प्रतिबंधित करके प्रतिस्पर्धा की रक्षा करते हैं जो व्यावसायिक दक्षता को कम करते हैं, नवाचार को प्रतिबंधित करते हैं, या उच्च कीमतों या वस्तुओं और सेवाओं की निम्न गुणवत्ता का कारण बनते हैं। प्रतियोगिता कानूनों पर ध्यान केंद्रित करने वाले दो प्रमुख क्षेत्र हैं:

- **प्रतिस्पर्धा-रोधी अनुबंध तथा प्रथाएं** और
- **बाज़ार में प्रमुख स्थिति का** दुरुपयोग।

प्रतिस्पर्धा कानून के जोखिमों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने में विफलता के गंभीर कानूनी, वित्तीय और साख संबंधी नतीजे हो सकते हैं।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मुझे एक व्यवसाय भागीदार ने गोल्फ़ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मुझे लगता है कि उसमें प्रतियोगी भी भाग ले सकते हैं। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** आपको उस कार्यक्रम में प्रतियोगियों से संपर्क करने से बचना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक के साथ बात करके आगे की योजना बनाएं ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि गोल्फ़ खेलते समय आपको प्रतियोगियों के साथ समूहीकृत नहीं किया जाएगा। उस कार्यक्रम में, आपको प्रतियोगियों के साथ अनौपचारिक सामाजिक परिस्थितियों (जैसे दोपहर का भोजन करना) से बचना चाहिए। आपको यह भी जांचना चाहिए कि उपस्थित होने से पहले किसी अतिरिक्त अनुमोदन और प्रशिक्षण की आवश्यकता है या नहीं।



# आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ सहभागिता करना

आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्ष के साथ बातचीत करते समय हम बहुत सम्मान से पेश आते हैं। हम ईमानदारी और स्पष्टता से व्यवहार करते हैं क्योंकि हमारा व्यवसाय उन लोगों के साथ साझेदारी करने पर निर्भर करता है जो हमारे उच्च नैतिक मानकों को साझा करते हैं। जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं वाली वैश्विक कंपनी के रूप में, हम उन भागीदारों के साथ संबंध बनाते हैं और बनाए रखते हैं जो हमारे मूल्यों के अनुसार और कानून के अनुपालन में सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

नैतिक रूप से आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्ष के साथ जुड़ने के लिए:

- संबंध के व्यावसायिक मूल्य की परवाह किए बिना, सभी व्यावसायिक भागीदारों के साथ उचित व्यवहार करें।
- गुणवत्ता, मूल्य और सेवा जैसे उद्देश्य मानदंडों पर हमारे निर्णयों को आधार बनाएं।
- हितों के टकराव या किसी भी तरह के पक्षपात की उपस्थिति से भी बचें ("हितों के टकराव से बचना" देखें)।
- कभी भी बिना अनुमति के Huntsman या किसी अन्य कंपनी से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी साझा न करें।
- पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए मुद्दों पर खुलकर और ईमानदारी से चर्चा करें।
- उचित जांच-पड़ताल के माध्यम से सुनिश्चित करें कि हमारे व्यवसाय भागीदार हमारे उच्च नैतिक मानकों की पूर्ति करते हों।

## और जानें

- भ्रष्टाचार-रोधी नीति
- भ्रष्टाचार-रोधी नीति आई-गाइड में तीसरे पक्ष की उचित जांच-पड़ताल अनुभाग

# हम अपने कार्य सत्यनिष्ठा से करते हैं

सत्यनिष्ठा में विश्वास करना पर्याप्त नहीं है—हमें अपने सभी कार्यों में सत्यनिष्ठा का प्रदर्शन करना चाहिए। हम हितों के टकराव से बचते हुए, भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को रोकते हुए, भेदिया व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करने वाले कानूनों का पालन करते हुए और हमारे व्यवसाय रिकॉर्ड की सटीकता को बनाए रखते हुए अपनी सत्यनिष्ठा दिखाते हैं।



# हितों के टकराव से बचना

हम निष्पक्ष निर्णय लेते हैं और अपना काम करते समय Huntsman के सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं। हितों का टकराव तब होता है जब व्यक्तिगत हित वस्तुनिष्ठ व्यावसायिक निर्णय लेने की हमारी क्षमता में हस्तक्षेप करते हैं। इस तरह के टकराव Huntsman की ओर से प्रभावी ढंग से काम करने की हमारी क्षमता को भी बाधित कर सकते हैं। हम कभी भी अपनी व्यावसायिक जानकारी का उपयोग इस तरह से नहीं करते हैं जिससे कि हमारे व्यक्तिगत हितों और Huntsman के हितों के बीच टकराव पैदा हो।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

हितों के टकराव से बचने के लिए:

- सुनिश्चित करें कि व्यावसायिक निर्णय लेते समय हमने अपने व्यक्तिगत हितों के बजाए Huntsman के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखा गया है।
- हितों के किसी भी वास्तविक या संभावित टकराव का तुरंत खुलासा करें।
- हितों के ऐसे किसी भी टकराव को हल करें या कम करें जिसे हमारे प्रबंधक के साथ होने से टाला नहीं जा सकता है।
- Huntsman के व्यवसाय या अन्य हितों से परे ऐसे व्यवसाय या अन्य हितों को प्राप्त करने से बचें जो काम करने की हमारी क्षमता में हस्तक्षेप कर सकते हैं।
- Huntsman के किसी प्रतियोगी के साथ व्यक्तिगत व्यावसायिक हित प्राप्त करने से बचें।

## और जानें

- हितों का टकराव नीति
- हितों का टकराव नीति आई-गाइड



## हितों के टकराव को समझना

हितों का टकराव तब उत्पन्न होता है जब किसी सहयोगी के व्यक्तिगत हित Huntsman के हितों या सहयोगी के काम से संबंधित कर्तव्यों में हस्तक्षेप करते हों या हस्तक्षेप करते देखे जा सकते हों। जिन क्षेत्रों में अक्सर हितों का टकराव होता है, वे इस प्रकार हैं:

- Huntsman के साथ व्यवसाय करने वाला तीसरा पक्ष किसी सहयोगी के परिवार का सदस्य या मित्र है, सहयोगी के साथ कुछ अन्य संबंध है, या सहयोगी के साथ आर्थिक रूप से शामिल है।
- Huntsman के किसी अन्य सहयोगी के साथ रोमांटिक रिश्ता है।
- Huntsman में नौकरी करते हुए परिवार के किसी सदस्य या करीबी मित्र के वहीं काम करने की जानकारी नहीं दी जाती है।
- बाहर, विशेष रूप से Huntsman के व्यवसाय भागीदार या प्रतियोगी के यहां नौकरी करना।
- किसी भी ऐसे संगठन में अधिकारी, भागीदार, सलाहकार या प्रबंधक के रूप में कार्य करना जो Huntsman के साथ व्यवसाय करता है या व्यवसाय करने का प्रयास करता है।
- बाहर काम करने के लिए Huntsman की संपत्ति, सूचना या समय सहित उसके संसाधनों का उपयोग करना।
- ऐसी किसी अन्य कंपनी में पर्याप्त वित्तीय हित रखना जिसके साथ Huntsman व्यवसाय करता है। "पर्याप्त" वित्तीय निवेश वह निवेश है जो:
    - किसी फ़र्म या निगम की बकाया प्रतिभूतियों के किसी भी श्रेणी के 1% से अधिक है,
    - किसी साझेदारी या संघ में 10% ब्याज से अधिक है, या
    - किसी सहयोगी की कुल संपत्ति या सकल आय के 5% से अधिक है।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** किसी सहयोगी ने मुझे बताया है कि उसने कई महीने पहले कचरा रीसाइक्लिंग सेवाओं के लिए कंपनी स्थापित की थी। उस कंपनी के पास अब कई ग्राहक हैं जो Huntsman के प्रतिस्पर्धी हैं। क्योंकि Huntsman उनके व्यवसाय का ग्राहक नहीं है, उन्हें नहीं लगता कि उन्हें हमारे लाइन प्रबंधक को यह बात बतानी चाहिए। मुझे लगता है कि यहां हितों का टकराव हो सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** उस सहयोगी को ऐसा कुछ भी करने से पहले अपने लाइन प्रबंधक और परिसर अनुपालन अधिकारी को सूचित करना चाहिए था जिससे Huntsman में अपनी भूमिका में वस्तुनिष्ठ निर्णय लेने की उनकी क्षमता से समझौता हो सकता हो। सहयोगी को इस बारे में तुरंत अपने लाइन प्रबंधक और परिसर अनुपालन अधिकारी से बात करनी चाहिए ताकि हितों के किसी भी संभावित टकराव को दर्ज कर उसका मूल्यांकन किया जा सके। आपको अपने लाइन प्रबंधक या परिसर अनुपालन अधिकारी से इस बारे में सहयोगी से बात करने के लिए कहना चाहिए।



# भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर रोक लगाना

हम योग्यता के आधार पर और ईमानदारी के साथ व्यवसाय हासिल करते हैं। हम कभी भी अनुचित भुगतान या एहसान के माध्यम से व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित नहीं करना चाहते हैं। भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का उल्लंघन करने पर संभावित रूप से कंपनी को और आपको दोनों को आपराधिक दंड भुगतने पड़ते हैं और भ्रष्टाचार की महज़ उपस्थिति भी हमारी साख को नुकसान पहुंचा सकती है। लाभ हासिल करने के लिए हमें अपनी साख का त्याग नहीं करना चाहिए। इस कारण से, सभी रिश्वत या किकबैक सख्त वर्जित हैं, चाहे हम कहीं भी स्थित हों या व्यवसाय कर रहे हों।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

रिश्वत और भ्रष्टाचार को कैसे रोका जा सकता है:

- व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने के इरादे से कभी भी कुछ भी मूल्यवान वस्तु देने की पेशकश नहीं करें।
- विधि विभाग या नैतिकता और अनुपालन टीम की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सरकारी अधिकारी को कभी भी किसी भी मूल्यवान वस्तु की पेशकश न करें।
- कभी भी अनुचित या संदिग्ध भुगतान की पेशकश या उसे स्वीकार न करें।
- सभी भुगतानों के ईमानदारी से लिखे गए विवरण के साथ पूर्ण, सटीक रिकॉर्ड रखें।
- अनुचित भुगतान से जुड़ी किसी भी चिंता के बारे में रिपोर्ट करें।
- भुगतान करने के लिए कभी भी ऐसे किसी तीसरे पक्ष का उपयोग न करें जो हमें स्वीकार्य नहीं हो।
- सुनिश्चित करें कि जिन भागीदार के साथ हम व्यवसाय करते हों वे हमारे मूल्य साझा करते हैं।

## और जानें

- भ्रष्टाचार-रोधी नीति
- भ्रष्टाचार-रोधी नीति आई-गाइड
- अधिकारों का विकेंद्रीकरण





## रिश्वत, किकबैक और सुविधा भुगतान

**रिश्वत** का मतलब होता है जब कोई व्यक्ति किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करने या अनुचित तरीके से लाभ प्राप्त करने के इरादे से किसी अन्य व्यक्ति को कुछ मूल्यवान वस्तु प्रदान करता है। किसी अन्य व्यक्ति या किसी तीसरे पक्ष द्वारा आपकी ओर से रिश्वत देने की पेशकश करना स्वयं रिश्वत देने की पेशकश करने के समान होता है।

**किकबैक** एक प्रकार की रिश्वत है जहां किसी कंपनी को अनुचित तरीके से भुगतान किया गया कुछ पैसा किसी व्यक्ति को उन्हें प्रभावित करने के लिए वापस दिया जाता है।

**सरकारी अधिकारी** शब्द को मोटे तौर पर परिभाषित किया गया है। सरकार, सार्वजनिक एजेंसियों, या राज्य के स्वामित्व वाले या नियंत्रित व्यवसायों के कर्मचारियों के साथ-साथ राजनीतिक कार्यालय के उम्मीदवारों को सरकारी अधिकारी माना जाता है। कुछ देशों में, किसी व्यक्ति के सरकारी अधिकारी होने की परिभाषा अस्पष्ट होती है। किसी भी सरकारी अधिकारी को दी गई कोई भी चीज़, चाहे किसी भी मूल्य की क्यों न हो, नैतिकता और अनुपालन टीम द्वारा अग्रिम रूप से अनुमोदित की जानी चाहिए।

**सुविधा भुगतान,** जिसे कभी—कभी "ग्रीस पेमेंट" कहा जाता है, आमतौर पर "ग्रीस" लेन-देन को गति देने के लिए छोटे भुगतान होते हैं जिनमें व्यावसायिक निर्णय शामिल नहीं होते हैं—उदाहरण के लिए, परमिट या अन्य सेवाओं को प्राप्त करने या पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकारी अधिकारी को भुगतान करना। हम अपने व्यवसाय संचालन के किसी भी स्थान पर ऐसे भुगतान नहीं करते हैं, भले ही वे स्थानीय कानून या रिवाज़ के तहत स्वीकार्य क्यों न हों।



## ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों को उपहार देना और प्राप्त करना

किसी खास मौके पर, हम किसी निश्चित व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उपहार या मनोरंजन दे सकते हैं या प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते कि मूल्य और आवृत्ति अत्यधिक न हो। Huntsman के व्यावसायिक हितों का ध्यान सबसे अच्छी तरह तब रखा जाता है जब निर्णय वाणिज्यिक मानदंडों पर आधारित होते हैं और उपहार या मनोरंजन से प्रभावित नहीं होते हैं। हमें कभी भी ऐसा कुछ भी देना या स्वीकार नहीं करना चाहिए जो हमारी या किसी अन्य पक्ष की उचित और निष्पक्ष तरीके से सर्वोत्तम व्यावसायिक निर्णय लेने की क्षमता को बाधित करता हो या बाधित करता दिखाई देता हो। हम निम्नलिखित उपहार कभी नहीं देते या स्वीकार नहीं करते हैं:

- नकद या नकद समकक्ष (छूट, ऋण और गिफ़्ट कार्ड सहित)
- शानदार भोजन
- इक्विटी, स्टॉक या बॉन्ड
- गैर-व्यवसाय से संबंधित यात्रा या आवास के लिए प्रतिपूर्ति
- वाइन या शराब की महंगी बोतलें
- अनुचित मनोरंजन

## उत्तर तैयार करना

**Q:** किसी विक्रेता ने मुझे फ़ीफ़ा विश्व कप मैच के दो प्रीमियम-मूल्य वाली टिकटें पेश की। उस विक्रेता ने कहा कि वह बदले में कुछ नहीं चाहता और वह ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि वह उस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकता है। क्या मुझे वे टिकटें स्वीकार करनी चाहिए?

**A:** टिकटों के मूल्य का मतलब है कि यह गिफ़्ट केवल विशिष्ट अनुमोदन के साथ अनुमत है। आपको अपने लाइन प्रबन्धक से सलाह लेने की भी आवश्यकता होगी कि क्या आपके लिए इन टिकटों को स्वीकार करना उचित है या क्या इस उपहार को विनम्रता से अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

---

**Q:** मैंने सुना है कि मेरे प्रबंधक ने अपने दोस्त को बताया कि उनकी पत्नी ने गिफ़्ट के तौर पर उन्हें नया स्मार्टफ़ोन खरीद कर दिया है। लेकिन मुझे पता है कि वह स्मार्टफ़ोन वास्तव में किसी अनुबंधकर्ता द्वारा दिया गया गिफ़्ट है। वह फ़ोन महंगा है और उसकी कीमत Huntsman की भ्रष्टाचार-रोधी नीति में बताई गई सीमा से अधिक है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** यह एक अस्वीकार्य गिफ़्ट है क्योंकि इस प्रकार से आपके प्रबंधक का निर्णय प्रभावित हो सकता है या ऐसा लग सकता है कि उनके वस्तुनिष्ठ व्यावसायिक निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। आपको अपनी चिंताओं के बारे में तुरंत अपने परिसर अनुपालन अधिकारी या नैतिकता और अनुपालन टीम के किसी भी सदस्य को रिपोर्ट करना चाहिए। आप स्पीक अप हॉटलाइन का भी उपयोग कर सकते हैं।

---

**Q:** किसी विक्रेता ने मुझे ट्रेड शो में भाग लेने के लिए यात्रा की पेशकश की, जिसका संपूर्ण खर्चा वह विक्रेता उठा रहा था। मुझे लगता है कि उसमें भाग लेने से मुझे अपने काम में सच में मदद मिलेगी। क्या मुझे वह प्रस्ताव स्वीकार कर लेना चाहिए?

**A:** यात्रा खर्च का भुगतान स्वीकार करने से पहले आपको अपने प्रबंधक और परिसर अनुपालन अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। यात्रा को तभी मंज़ूरी दी जा सकती है जब वह यात्रा Huntsman के व्यवसाय को आगे बढ़ाए और उसे अनुचित उद्देश्यों के लिए पेश न किया जाए। यह भी याद रखें कि व्यापार संघों/ट्रेड शो में उपस्थिति के लिए अतिरिक्त अनुमोदन और प्रशिक्षण की आवश्यकता हो सकती है।

**Q:** मैं पिछले पांच साल से Huntsman के सेल्स विभाग में काम कर रहा/रही हूं। मैं अमेरिका में हूं, लेकिन कुछ समय पहले से मैंने एशिया में एक सरकारी एजेंसी का बड़ा खाता संभालना शुरू किया है। उस एजेंसी के एक कर्मचारी ने फ़ोन कॉल पर मुझे बताया कि व्यापार के दौरान थोड़ा-बहुत दान करना उनके देश में आम बात है। मैंने कुछ भी करने से मना कर दिया और कहा कि मैं बाद में संपर्क करूंगा/करूंगी। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** जल्द से जल्द नैतिकता और अनुपालन टीम को घटना के बारे में रिपोर्ट करें। ये भुगतान सुविधा भुगतान या रिश्वत समझे जा सकते हैं, और हम अपने सभी व्यवसाय संचालन स्थानों पर भ्रष्टाचार की मामूली झलक को भी बर्दाश्त नहीं करते हैं।

---

याद रखें कि सरकारी स्वामित्व वाली या नियंत्रित कंपनियों के कर्मचारियों को सरकारी अधिकारी माना जाता है। धर्मार्थ दान सहित सभी दान हमारे अधिकार के विकेंद्रीकरण के अनुरूप अनुमोदित किए जाने चाहिए। सरकारी अनुबंधकर्ता या अधिकारी को दान देने या उनसे दान लेने के लिए, आपको नैतिकता और अनुपालन टीम से पूर्व लिखित सहमति की भी आवश्यकता है।



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों का अनुपालन करना

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, हम अपने सभी व्यवसाय संचालन स्थानों पर सभी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करते हैं। हमारे व्यवसाय को बनाए रखने और विकसित करने की हमारी क्षमता इस पर निर्भर करती है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून जटिल हैं और हर स्थान पर भिन्न होते हैं। अपने सभी व्यवसाय संचालन स्थानों पर इन कानूनों को जानने और उनका पालन करने की ज़िम्मेदारी हमारी है। ऐसा करके हम Huntsman को दंड से बचाते हैं और दुनिया को व्यवसाय करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों का अनुपालन करने के लिए:

- नियमों को जाने बिना कभी भी विदेशों में नौकरी की भर्ती, मार्केटिंग या वितरण न करें।
- प्रतिबंध सूची में शामिल कंपनियों या व्यक्तियों के साथ कभी भी व्यवसाय न करें।
- जोखिम का आकलन करें और उन सभी तीसरे पक्षों की उचित जांच-पड़ताल करें जिनके साथ हम व्यवसाय करने की योजना बना रहे हैं।
- कोई भी चिंता बताने या किसी ग्राहक या व्यावसायिक भागीदार द्वारा हमें बहिष्कार में भाग लेने के लिए कहने पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन समूह से संपर्क करें।
- ग्राहक जानकारी एक्सेस करने के संबंध में सभी प्रतिबंधों का अनुपालन करें।

## और जानें

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन नीति
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन नीति आई-गाइड



## आयात और निर्यात

**निर्यात** एक उत्पाद या सेवा है जिसे किसी अन्य देश में किसी व्यक्ति को भेजा जाता है। निर्यात किसी गैर-नागरिक को प्रदान की जाने वाली प्रौद्योगिकी, तकनीकी जानकारी या सॉफ़्टवेयर हो सकता है, भले ही वह व्यक्ति दुनिया में कहीं भी स्थित हो। कुछ भी निर्यात करने से पहले, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि डिलीवरी देश और प्राप्तकर्ता दोनों पात्र हों। हमें सभी आवश्यक लाइसेंस और परमिट भी प्राप्त करने चाहिए, और सभी प्रासंगिक ड्यूटी या शुल्कों का भुगतान करना चाहिए।

**आयात** तब किया जाता है जब हम किसी विदेशी या बाहरी स्रोत से खरीदे गए सामान को दूसरे देश में लाते हैं। आयात भी विभिन्न कानूनों और विनियमों के अधीन होते हैं। हमें देश में प्रवेश करने वाले आयातित सामानों पर शुल्क या टैरिफ़ का भुगतान करना पड़ सकता है और साथ ही कुछ दस्तावेज़ भी जमा करने पड़ सकते हैं।

हमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित सभी व्यापार कानूनों का पालन करना चाहिए। कुछ देश, जैसे कि अमेरिका, अपने देश के भीतर गैर-नागरिकों को तकनीकी जानकारी जारी करना नियंत्रित करते हैं। ऐसी जानकारी में ईमेल, प्रशिक्षण और वेब एक्सेस शामिल हो सकते हैं। इस तरह की जानकारी का हस्तांतरण **निर्यात माना जा सकता है** और ऐसा किसी भी सीमा को पार किए बिना हो सकता है। व्यापार प्रतिबंध लागू होता है या नहीं इस पर संदेह की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन समूह से मार्गदर्शन लें।

## बहिष्कार

**बहिष्कार** का अर्थ होता है जब एक व्यक्ति, समूह या देश कुछ अन्य लोगों या देशों के साथ व्यापार करने से इनकार करता है। कुछ देश अपनी सीमाओं के भीतर काम करने वाली कंपनियों पर बहिष्कार आवश्यकताओं को लागू करने का प्रयास करते हैं। हमें बहिष्कार अनुरोधों से सतर्क रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन समूह को ऐसे सभी अनुरोधों की जानकारी देनी चाहिए।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मैं New Jersey में Huntsman का एक खरीद विशेषज्ञ हूं। मैं अचानक आयोजित की गई भारत यात्रा पर कल जा रहा/रही हूं। मुझे अपना लैपटॉप साथ ले जाना है, लेकिन इसमें बड़ी मात्रा में Huntsman प्रोग्राम डिज़ाइन हैं। मुझे पता है कि मुझे निर्यात लाइसेंस प्राप्त करना चाहिए था, लेकिन इसके लिए समय कम था। देश छोड़ कर जाने से पहले आवेदन करने पर क्या मैं लाइसेंस के बिना देश छोड़ कर जा सकता/सकती हूं?

**A:** नहीं। निर्यात के रूप में योग्य तकनीक के साथ देश छोड़ने से पहले आपको सभी आवश्यक परमिट की आवश्यकता होती है। निर्यात व्यापार नियंत्रण उत्पादों, सॉफ़्टवेयर और प्रौद्योगिकी पर लागू हो सकते हैं, जिनमें वे भी शामिल हैं जो Huntsman का कोई सहयोगी विदेश यात्रा करते समय ले जा सकता है। यदि आपको निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता को लेकर संदेह है, तो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन समूह से मार्गदर्शन लें।



# इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकना

हम Huntsman और हमारे व्यवसाय भागीदारों के बारे में वास्तविक या भावी, महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी उचित रूप से और सत्यनिष्ठा के साथ संभालने के लिए ज़िम्मेदार हैं। हमारे काम के दौरान, हम Huntsman या एक या अधिक व्यवसाय भागीदारों के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिभूतियों (जैसे स्टॉक, बॉन्ड और विकल्प) को खरीदने, बेचने या व्यापार करने के लिए व्यक्तिगत निवेश निर्णय लेने के लिए हमें ऐसी जानकारी का उपयोग कभी नहीं करनी चाहिए या किसी तीसरे पक्ष को ऐसी जानकारी नहीं दें। इसे इनसाइडर ट्रेडिंग माना जाता है और जो हमारी साख को अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। इसके कारण आपराधिक दंड भुगतना पड़ सकता है, और कुछ मामलों में लोगों को कारावास भी हो सकता है, और Huntsman को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकने के लिए:

- अपने पास सामग्री, गैर-सार्वजनिक भीतरी जानकारी होने पर Huntsman या किसी अन्य सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी में कभी भी शेयर न खरीदें या बेचें।
- परिवार और करीबी दोस्तों सहित Huntsman के बाहर किसी के साथ सामग्री, गैर-सार्वजनिक भीतरी जानकारी साझा नहीं करें।
- केवल उन सहयोगियों के साथ जानकारी साझा करें जिन्हें जानने की आवश्यकता है।
- कभी भी भीतरी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं दें जो उसके ऊपर कार्य कर सकता हो (जिसे "टिपिंग"के रूप में जाना जाता है)।
- सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध प्रतिभूतियों की कीमत को प्रभावित करने के लिए कभी भी गलत जानकारी न फैलाएं।
- भीतरी जानकारी के बारे में किसी भी पूछताछ के लिए निवेशक संबंधों से संपर्क करें।
- जानकारी महत्वपूर्ण या गैर-सार्वजनिक है, इसके बारे में अनिश्चितता होने पर विधि विभाग से संपर्क करें।

## और जानें

- इनसाइडर ट्रेडिंग नीति
- इनसाइडर ट्रेडिंग नीति आई-गाइड

## भीतरी जानकारी

कंपनी की जानकारी तब **महत्वपूर्ण** मानी जाती है यदि कोई उचित निवेशक इसका उपयोग यह तय करने में करेगा कि यदि उसे उस कंपनी के स्टॉक को खरीदना, रोके रखना या बेचना है या नहीं। जानकारी को तब तक **गैर-सार्वजनिक** माना जाता है जब तक कि जानकारी की सार्वजनिक रिलीज़ के बाद से एक
पूरा व्यावसायिक दिन बीत नहीं जाता। भीतरी जानकारी या तो सकारात्मक या नकारात्मक हो सकती है।

भीतरी जानकारी के उदाहरण इस प्रकार से हैं:

- भविष्य की कमाई या नुकसान का अनुमान
- विलय या अधिग्रहण की खबर
- संपत्ति की पर्याप्त बिक्री की खबर
- Huntsman की प्रतिभूतियों के संबंध में वित्तपोषण और अन्य घटनाएं
- कार्यकारी प्रबंधन में परिवर्तन
- पर्याप्त नए उत्पाद या खोजें

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मैं Huntsman के मैन्युफ़ैक्चरिंग प्लांट में प्रबंधक हूं। मेरा बेटा जल्द ही कॉलेज जाना शुरू कर रहा है, और मैं ट्यूशन का भुगतान करने के लिए अपना Huntsman स्टॉक बेचना चाहता/चाहती हूं। काम पर, मुझे पता चला कि Huntsman एक बड़ी कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए गोपनीय रूप से बातचीत कर रहा है। क्या मैं अभी भी अपना Huntsman स्टॉक बेच सकता/सकती हूं?

**A:** नहीं। यह मानते हुए कि अधिग्रहण की खबर महत्वपूर्ण है, आपको अपना स्टॉक बेचने से पहले सौदा सार्वजनिक होने के बाद उचित समय तक इंतज़ार करना चाहिए। यदि आप महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी रखते हुए स्टॉक का व्यापार करते हैं, तो आप इनसाइडर ट्रेडिंग के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आपको आपराधिक दंड भुगतना पड़ सकता है।



# सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड बनाए रखना

हम अपने सभी संचार में ईमानदारी बरतते हैं, और इसमें हमारे द्वारा बनाए गए प्रत्येक रिकॉर्ड और हमारी प्रणाली में दर्ज किए गए सभी डेटा शामिल हैं। रिकॉर्ड की सत्यानिष्ठा को बनाए रखने से भविष्य के लिए योजना बनाते समय कानून का पालन सुनिश्चित किया जाता है। सटीक रिकॉर्ड रखने से हमारे शेयर धारकों, व्यापार भागीदारों और ग्राहकों को भी आश्वासन मिलता है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

व्यावसायिक रिकॉर्ड नैतिक बनाए रखने के लिए:

- सुनिश्चित करें कि समय और खर्च के रिकॉर्ड सहित प्रत्येक रिकॉर्ड सही और पूर्ण हो।
- सभी वित्तीय लेन-देन के बारे में सही, समयबद्ध तरीके से और आवश्यक दस्तावेज़ के साथ रिपोर्ट करें।
- कभी भी हमारे व्यवसाय के संचालन या वित्त का गलत वर्णन न करें।
- कभी भी अज्ञात या अलिखित खाते न बनाएं।
- आवश्यकता या अनुरोध के अनुसार ऑडिटर्स के पास तुरंत रिकॉर्ड जमा करें।
- किसी जांच-पड़ताल या ऑडिट के लिए कानूनी कब्ज़े में जाने योग्य किसी भी रिकॉर्ड को संरक्षित करें।
- Huntsman की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और हमारी रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं का पालन करें।

## और जानें

- दस्तावेज़ प्रतिधारण नीति
- दस्तावेज़ प्रतिधारण नीति आई-गाइड
- दस्तावेज़ प्रबंधन कार्यक्रम इंट्रानेट साइट

## दस्तावेज़ प्रबंधन और रिकॉर्ड प्रतिधारण

हमारा रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची और दस्तावेज़ प्रबंधन कार्यक्रम निर्धारित करता है कि हम कितने समय तक रिकॉर्ड का प्रतिधारण करते हैं, जिसमें अवधि और उन्हें नष्ट किए जाने का समय भी शामिल होता है। हालांकि समय-समय पर फ़ाइल की रखरखाव और सुविधा प्रतियों से निपटना उचित होता है, लेकिन हम रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची में निर्दिष्ट समय से पहले रिकॉर्ड को नष्ट नहीं करते हैं।



## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरे विभाग के पास कई रिकॉर्ड हैं जिन्हें क्रमबद्ध करने की आवश्यकता है। मेरे पर्यवेक्षक ने मुझे इन रिकॉर्ड्स को व्यवस्थित करने और यह पता लगाने के लिए कहा है कि उनमें से कौन से नष्ट हो सकते हैं। यह काम कैसे पूरा किया जाए?

**A:** सबसे पहले, यह निर्धारित करें कि क्या कोई दस्तावेज़ रिकॉर्ड प्रतिधारण आवश्यकताओं या कानूनी कब्ज़े में जाने योग्य है, क्योंकि उन रिकॉर्ड्स को रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची में निर्दिष्ट समय के लिए या कानूनी कब्ज़े को हटाए जाने तक रखा जाना चाहिए। भले ही किसी रिकॉर्ड पर कानूनी कब्ज़ा हटा लिया गया हो, रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची अभी भी हमारी नीतियों के अनुरूप लागू होती है ताकि रिकॉर्ड्स को लंबे समय तक रखने की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। वे रिकॉर्ड्स जो किसी भी प्रतिबंध के अधीन नहीं हैं, उन्हें हमारी नीतियों के अनुरूप नष्ट किया जा सकता है और ऐसा किया जाना चाहिए। यदि उनमें गोपनीय जानकारी शामिल है, तो उनके श्रेड कर देने चाहिए। आपके विभाग में सुरक्षित कलेक्शन कंटेनर स्पष्ट रूप से श्रेडिंग के लिए चिह्नित होने चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, दस्तावेज़ प्रबंधन कार्यक्रम इंट्रानेट साइट पर जाएं।




# हम सभी के प्रति सम्मान दिखाते हैं

Huntsman में हम सभी से सम्मान के साथ बातचीत करते हैं। सम्मान के माध्यम से, हम आपसी समझ की भावना को सुविधाजनक बनाते हैं, निजी जानकारी की रक्षा करते हैं, और पर्यावरण, हमारे समुदायों और मानवाधिकारों के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखते हैं।

# सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देना

हम सभी के साथ सम्मान से पेश आते हैं। सफलता के लिए हमारे फ़ॉर्मूला का एक हिस्सा यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सभी सहयोगी मूल्यवान और सम्मानित महसूस करें। हम विविधता और समावेश को शामिल करने, रोज़गार के समान अवसर देने और उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये प्रतिबद्धताएं सभी के लिए पेशेवर और सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा देती हैं।


## विविधता और समावेश को अपनाना

हम दुनिया भर में व्यवसाय करते हैं, और हम अपने कार्यस्थलों में वैश्विक विविध दृष्टिकोण को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विविध प्रतिभाएं और दृष्टिकोण हमारी टीमों की सहायता करते हैं और हमारी परिकल्पना को व्यापक बनाते हैं। सभी के दृष्टिकोण शामिल करने पर ही हम साथ मिलकर बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

विविधता और समावेश को अपनाने के लिए:

- सभी लोगों और उनके दृष्टिकोण के साथ शिष्टाचार और सम्मान के साथ व्यवहार करें।
- विविध पृष्ठभूमि वाले लोगों को नौकरी पर रखें और टीमों में भी विविध पृष्ठभूमि वाले लोगों को शामिल करें।
- समाधान खोजने के लिए तत्परता से विभिन्न नज़रियों और दृष्टिकोणों की तलाश करें।






## भेदभाव पर रोक

हम गैर-कानूनी भेदभाव से मुक्त कार्य वातावरण का निर्माण करते हैं। हम प्रतिभा के आधार पर नौकरी और प्रमोशन देते हैं और इसी तरह से सफलता का अपना फ़ॉर्मूला कायम रखते हैं। भेदभाव करना न केवल गैर-कानूनी होता है, बल्कि Huntsman में आने वाली प्रतिभा और क्षमता को भी सीमित करता है। एक कंपनी के रूप में सर्वश्रेष्ठ होने का मतलब सम्मान और सत्यनिष्ठा के हमारे मूल्यों का पालन करना भी होता है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

कार्यस्थल को भेदभाव से मुक्त रखने के लिए:

- योग्यता के आधार पर नौकरी और प्रमोशन संबंधी निर्णय लें।
- हर किसी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करें, और सभी की Huntsman को लाभ पहुंचाने वाली क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करें।
- संरक्षित विशेषताओं (जैसे, आयु, लिंग, जाति, धर्म, आदि) के आधार पर कभी भी भेदभाव न करें।
- सुनिश्चित करें कि कार्यस्थल पर विकलांग लोगों के साथ मिलकर काम किया जाता हो।

## संरक्षित विशेषताएं

Huntsman भेदभाव से मुक्त कार्य वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी को अवसर देने में विश्वास करते हैं, और हम संरक्षित विशेषताओं के आधार पर किसी सहयोगी या आवेदक के खिलाफ भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं। संरक्षित विशेषताएं निम्नलिखित में से कोई भी हो सकती हैं:

- जाति, रंग या जातीयता
- धर्म
- लिंग या यौन उन्मुखीकरण
- आयु
- विकलांगता
- राष्ट्रीय मूल

यह सूची किसी भी तरह से संपूर्ण नहीं है। हम अपने व्यवसाय संचालन वाले सभी देशों में समूहों और गतिविधियों की रक्षा करने वाले कानूनों का सम्मान करते हैं जहां हम व्यवसाय करते हैं।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरे नए प्रबंधक ने हाल ही में घोषणा की कि वह प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3 बजे के बजाए प्रत्येक शुक्रवार दोपहर में साप्ताहिक टीम बैठकों का आयोजन करेंगे। मैं हर दिन दोपहर के समय पूजा करता/करती हूं, और अतीत में मुझे कभी भी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है। मैंने अपने प्रबंधक को अपनी बात बताई और उन्होंने कहा कि अब समस्या हो सकती है, और अगर मैं अपनी "हास्यास्पद धार्मिक मान्यताओं" के कारण बैठकों में शामिल नहीं हो सकता/सकती, तो हो सकता है मुझे मेरी योग्यता के लिए सकारात्मक समीक्षा नहीं मिले। मुझे इस बात ने आहत किया और हैरानी हुई। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** आपके प्रबंधक की टिप्पणियां आपके लिए आपत्तिजनक हैं और Huntsman के मूल्यों से संगत नहीं हैं। आपके नए प्रबंधक के पास शुक्रवार को दोपहर को बैठक को स्थानांतरित करने का व्यावसायिक कारण हो सकता है, लेकिन आपकी चिंताओं और किसी भी संभावित विकल्प पर चर्चा करते समय उन्हें चाहिए कि वे आपके साथ सम्मान से व्यवहार करें। तुरंत अपने स्थानीय परिसर अनुपालन अधिकारी को अपने प्रबंधक की टिप्पणियों के बारे में रिपोर्ट करें। आप अपने मानव संसाधन प्रबंधक से भी बात कर सकते हैं। याद रखें कि आप कभी भी स्पीक अप हॉटलाइन का उपयोग कर सकते हैं या नैतिकता और अनुपालन टीम से ethics@huntsman.com पर संपर्क कर सकते हैं।






## उत्पीड़न को रोकना

Huntsman ऐसे कार्य वातावरण के लिए प्रतिबद्ध है जहां सभी सहयोगियों के साथ सम्मान और आदर के साथ व्यवहार किया जाता है। हमें अपने कार्यस्थल को व्यावसायिक, पेशेवर और उत्पीड़न मुक्त रखने की आवश्यकता है। ऐसे वातावरण में सहयोगी अपना काम सर्वोत्तम तरीके से पूरा कर पाते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

उत्पीड़न मुक्त कार्य वातावरण बनाने के लिए:

- ऐसा कुछ भी कहने या करने से बचें जिसे आपत्तिजनक माना जा सकता है।
- सभी के साथ सम्मान और आदर से पेश आएं।
- उत्पीड़न करने वाला या आपत्तिजनक आचरण देखने पर आवाज़ उठाएं।
- व्यक्तिगत सीमाओं और पसंद-नापसंद का सम्मान करें।

## और जानें

- भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध के विरुद्ध नीति
- भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध के विरुद्ध नीति आई-गाइड

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरे विभाग में एक सहयोगी बार-बार मुझे ऐसी जानकारी प्रदान करने से इनकार करता है जो मेरे काम के लिए आवश्यक है। वह मुझे अपमानजनक नामों से बुलाता है और अन्य सहयोगियों से कहता है कि मैं अपना काम करने के योग्य नहीं हूं। उसकी हरकतें आहत करने वाली हैं, लेकिन मैं उसके ऊपर गुस्सा नहीं होना चाहता/चाहती या अपने लिए और परेशानी पैदा नहीं करना चाहता/चाहती। मुझे इस स्थिति से कैसे निपटना चाहिए?

**A:** उत्पीड़न और धमकी के कई रूप हो सकते हैं। अपमानजनक नामों से बुलाना स्वीकार्य नहीं है। वैसे तो जानकारी प्रदान करने से इनकार करना या दूसरों को यह बताना कि कोई व्यक्ति योग्य नहीं है, अवैध नहीं हो सकता है, पर ऐसा करना अशिष्ट माना जा सकता है और ऐसा करने से विश्वास में कमी आती है। याद रखें कि नेक-नीयत से रिपोर्ट करने के लिए आपको प्रतिशोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। आपको तुरंत अपने प्रबंधक के साथ उसके व्यवहार पर चर्चा करनी चाहिए। आप स्पीक अप हॉटलाइन का भी उपयोग कर सकते हैं या नैतिकता और अनुपालन टीम से संपर्क कर सकते हैं।



# अपने कार्यस्थल को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखना

कार्यस्थल में सुरक्षा हमारी सफलता के लिए आवश्यक है। अपनी रक्षा नहीं कर पाने की स्थिति में हम अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध नहीं बना पाएंगे। एक ऐसी कंपनी के तौर पर जो जटिल उत्पादों और प्रक्रियाओं के साथ नवाचार करती है, Huntsman को कार्यस्थलों को सुरक्षित और महफ़ूज़ बनाए रखना चाहिए। काम पर खुद को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखना हम सभी की ज़िम्मेदारी है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

अपने कार्यस्थल को सुरक्षित और महफ़ूज़ बनाने के लिए:

- नौकरी पर कभी भी अनावश्यक जोखिम न लें।
- कभी भी मादक पदार्थों या शराब का सेवन करने के बाद काम पर नहीं आएं, और अन्य किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा करने पर उसकी रिपोर्ट करें।
- काम करने की किसी भी असुरक्षित या अस्वास्थ्यकर स्थितियों के बारे में रिपोर्ट करें।
- सभी आपातकालीन प्रक्रियाओं को जानें और आपातकालीन अभ्यास और प्रशिक्षण में भाग लें।
- सोशल मीडिया सहित हिंसा के किसी भी खतरे के बारे में रिपोर्ट करें।
- कभी भी किसी भी तरह के हथियार काम पर न लाएं।
- Huntsman की सभी संपत्ति उपयोग में नहीं किए जाने पर उसे ताले और पासवर्ड का उपयोग करके सुरक्षित रखें।
- खतरा होने पर पुलिस को बुलाएं।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सभी नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें।

## और जानें

- पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति
- पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति आई-गाइड




## घटनाएं और बाल-बाल बचना

घटनाएं और बाल-बाल बचना व्यवसाय के लिए गंभीर बात होती हैं, और उनके बारे में रिपोर्ट करना हम सभी की ज़िम्मेदारी और दायित्व है—फिर चाहे उस घटना में हम शामिल हुए हों या उसे देखा भर हो। इन घटनाओं को पहचानने और समझने से हम उन्हें फिर से होने से रोक सकते हैं, और इस प्रकार से सभी के लिए जोखिम को कम कर सकते हैं। घटनाओं और बाल-बाल बचने के बारे में रिपोर्ट करना हमारे मूल्यों और कानून दोनों के अनुरूप है।

## शराब और मादक पदार्थों का उपयोग

हम कभी भी मादक पदार्थों, शराब या किसी अन्य पदार्थ का सेवन करने के बाद काम पर नहीं आते हैं जो सुरक्षित रूप से काम करने की हमारी क्षमता को बाधित कर सकता है। किसी भी सहयोगी द्वारा किसी भी अवैध दवा, सामग्री, या नियंत्रित पदार्थ को अपने पास रखना, उसका उपयोग, बिक्री, खरीद या वितरण करना निषिद्ध है।

ध्यान रखें कि नुस्खे वाली दवाएं भी हमारे प्रदर्शन करने या सुरक्षित रूप से काम करने की क्षमता को बाधित कर सकती हैं। ऐसी किसी भी दवा से अवगत रहें जो आपके काम में बाधा डाल सकती हो, और सुनिश्चित करें कि प्रबंधक या मानव संसाधन को इसकी जानकारी हो। हमें हर समय अपने परिसर में सभी व्यक्तियों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

# निजी जानकारी की रक्षा करना

हम सहयोगियों और व्यावसायिक संपर्कों की व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करते हैं। दुनिया भर में हमारे सहयोगी और व्यावसायिक संपर्क नियमित रूप से हमें अपनी निजी जानकारी सौंपते हैं। उन संबंधों और हमारी साख को बनाए रखने के लिए, हमें उस विश्वास की रक्षा करनी चाहिए।


## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

निजी जानकारी की रक्षा करने के लिए:

- अपनी नौकरी से जुड़े कर्तव्यों के लिए निजी जानकारी का उपयोग सीमित करें।
- जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रक्रियाओं का पालन करें।
- निजी जानकारी का प्रतिधारण केवल तब तक करें जब तक आवश्यक हो।
- Huntsman के बाहर कभी भी निजी जानकारी साझा न करें।
- डेटा के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें।
- अपने व्यवसाय संचालन के सभी स्थानों पर सभी गोपनीयता कानूनों का पालन करें।

## और जानें

- गोपनीयता नीति
- गोपनीयता नीति आई-गाइड



## Huntsman की निजी जानकारी की श्रेणियां

हमें कभी-कभी व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए निजी जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता होती है। Huntsman व्यक्तिगत डेटा की चार श्रेणियों की पहचान करता है:

- नाम और व्यावसायिक संपर्क जानकारी (जैसे, ऑफ़िस टेलीफ़ोन नंबर और व्यावसायिक पता) (श्रेणी 1)
- Huntsman द्वारा निर्मित व्यक्तिगत डेटा (जैसे, मुआवज़ा और लाभ) (श्रेणी 2)
- व्यक्ति द्वारा प्रदान किया गया व्यक्तिगत डेटा (जैसे, आवाज़, छवि और संपर्क जानकारी) (श्रेणी 3)
- संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा (जैसे, जातीयता, धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी) (श्रेणी 4)

Huntsman के सभी सहयोगियों के लिए डेटा गोपनीयता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेना आवश्यक है। कुछ सहयोगियों के पास अपने पद के आधार पर श्रेणी 3 या 4 डेटा का एक्सेस होता है। इन सहयोगियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण दिया जाता है।



## व्यक्तिगत डेटा का उल्लंघन

व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन व्यक्तिगत डेटा का अनधिकृत अधिग्रहण है जो उस डेटा की सुरक्षा से समझौता करता है। व्यक्तिगत डेटा का प्रत्येक उल्लंघन प्रभावित व्यक्तियों के अधिकार क्षेत्र सहित कई कारकों के आधार पर प्रभाव और जोखिम में भिन्न होगा। ये आंतरिक (Huntsman के भीतर) और बाहरी (Huntsman के बाहर) उल्लंघन हो सकते हैं। दोनों प्रकार की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है ताकि Huntsman उचित रूप से जांच कर सके, लॉग कर सके और आवश्यकतानुसार रिपोर्ट कर सके।

कोई भी सहयोगी जिसे व्यक्तिगत डेटा के संभावित या ज्ञात आंतरिक या बाहरी उल्लंघन के बारे में पता लगता है या सूचना मिलती है, उसे तुरंत स्थानीय सुरक्षा अधिकारी, स्थानीय मानव संसाधन, परिसर अनुपालन अधिकारी या डेटा गोपनीयता टीम को इसकी सूचना देनी चाहिए।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरा प्रबंधक गलती से फ़ोटोकॉपियर पर किसी सहयोगी की प्रदर्शन समीक्षा फ़ाइल की एक प्रति भूल गया। यह व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित नहीं है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A:** हमारे ऊपर अपने साथी सहयोगियों की गोपनीयता की रक्षा करने की ज़िम्मेदारी होती है। सहयोगियों के बारे में गोपनीय व्यक्तिगत जानकारी को ऑफ़िस के अंदर या बाहर साझा नहीं किया जाना चाहिए या असुरक्षित नहीं छोड़ा जाना चाहिए। आपको तुरंत उस फ़ाइल को अपने प्रबंधक को वापस करना चाहिए। यदि ऐसा दोबारा होता है, तो समस्या के बारे में अपने मानव संसाधन प्रबंधक से बात करें।

# पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्थिरता प्रतिबद्धताएं

हम उन उत्पादों को बनाने, निर्माण करने और बेचने के लिए विज्ञान का सहारा लेते हैं जो जीवन को समृद्ध करते हैं और लोगों या पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हुए एक स्थायी भविष्य बनाने में मदद करते हैं। हम अपने सभी कार्यों के दौरान मानव स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण की देखभाल करते हैं। हम अपने व्यवसाय के सभी पहलुओं में पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS) के प्रदर्शन में उत्कृष्टता के माध्यम से नुकसान को रोक सकते हैं। इस प्रकार से न केवल हम वर्तमान में प्रतिस्पर्धी बनते हैं बल्कि भविष्य भी स्थिर बनाते हैं। हमारे व्यवसाय, हमारे सहयोगियों और हमारे समुदायों का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्थिरता प्रदर्शन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए:

- हमारी प्रक्रियाओं और उत्पादों से संबंधित खतरों की जानकारी दें।
- व्यवसाय भागीदारों और ग्राहकों से बातचीत करें और बताएं कि हमारे उत्पादों का उपयोग, संग्रह, रीसायकल और निपटान कैसे किया जाता है।
- खतरों का आकलन करें और खतरनाक सामान की आवाजाही से संबंधित सभी प्रोटोकॉल का पालन करें।
- सभी पदार्थों और उत्पादों को पंजीकृत करें।
- हमारे उत्पादों के जीवनचक्र में EHS जोखिमों को कम करने के लिए सहायक के रूप में कार्य करें।
- हमारे EHS प्रबंधक को प्रोटोकॉल में उल्लंघनों या चिंताओं के बारे में रिपोर्ट करें।
- हमारे व्यवसाय को नियंत्रित करने वाले सभी EHS और स्थिरता कानूनों का पालन करें।
- Huntsman के लक्ष्यों और नियमों को पूरा करने के लिए सभी पर्यावरण कार्यक्रमों का पालन करें।

## और जानें

- पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति
- पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति आई-गाइड

# अपने समुदायों के प्रति योगदान देना

हमारा प्रयास है कि दुनिया भर के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाए। हमारे व्यवसाय की तरक्की के प्रति हमारा यह विश्वास रहा है कि रसायन विज्ञान हमारी अति-आवश्यक ज़रूरतों को पूरा कर सकता है और व्यक्ति के रूप में, हम जिन समुदायों में रहते हैं उनकी चुनौतियों का समाधान करने में भी मदद कर सकते हैं। व्यक्तिगत भागीदारी के माध्यम से अपने समुदायों की मदद करना न केवल हमारी साख के लिए अच्छा है—बल्कि, यही सही काम भी है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

अपने समुदायों में सबसे अच्छा योगदान देने के लिए:

- दुनिया भर में जहां संभव हो धर्मार्थ संगठनों के लिए स्वयंसेवा करें।
- बाहरी गतिविधियों द्वारा नौकरी से जुड़े हमारे कर्तव्यों में हस्तक्षेप न किया जाना या हितों का टकराव पैदा न किया जाना सुनिश्चित करें।
- कभी भी सहयोगियों पर उन संगठनों में स्वयंसेवा करने या योगदान करने का दबाव न डालें जिनमें हमारी आस्था है।
- Huntsman की ओर से दान करने या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए Huntsman फ़ंड का उपयोग करने से पहले अनुमोदन प्राप्त करें।

## और जानें

- भ्रष्टाचार-रोधी नीति
- भ्रष्टाचार-रोधी नीति आई-गाइड



## राजनीतिक गतिविधियां

हम में से प्रत्येक व्यक्ति नागरिक के रूप में अपनी राजनीतिक आस्थाओं के लिए स्वतंत्र है। हम कानूनी सीमाओं के भीतर रहते हुए व्यक्तिगत रूप से राजनीति में शामिल हो सकते हैं और राजनीतिक योगदान दे सकते हैं। क्योंकि राजनीतिक योगदान जटिल नियमों और विनियमों के अधीन हैं, हमें किसी भी व्यक्तिगत भागीदारी से बचना चाहिए जिसके लिए Huntsman द्वारा अनुमोदन या समर्थन प्राप्त करना हो। कानून सीमित परिस्थितियों को छोड़कर, राजनीतिक अभियानों के संबंध में निगम के संसाधनों और सुविधाओं के उपयोग को प्रतिबंधित करता है। Huntsman के संसाधनों या सुविधाओं, या किसी भी अभियान की ओर से काम के घंटों के दौरान किसी भी गतिविधियों के किसी भी उपयोग के लिए विधि विभाग द्वारा पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।



# मानवाधिकारों का सम्मान करना

हम दुनिया भर के लोगों और समुदायों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं। हम अपने व्यवसाय संचालन वाले स्थानों पर उन अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं, और हम अपने व्यवसाय भागीदारों से भी यही उम्मीद करते हैं। गुलामी, मानव तस्करी और बाल श्रम का हमारे व्यवसाय या वैश्विक समाज में कोई स्थान नहीं है। हम सभी मनुष्यों की गरिमा और समानता का समर्थन करते हैं, और हम सभी के अधिकारों को बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

मनव अधिकारों का सम्मान करने के लिए:

- हमारी ओर से काम करने वाले सभी लोगों को काम के उचित घंटे और उचित मज़दूरी प्रदान करें।
- हमारे सभी व्यावसायिक भागीदार निष्पक्ष श्रम प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं यह सुनिश्चित करें।
- दुनिया में कहीं भी बाल या कारावास श्रम का उपयोग कभी न करें।
- मानवाधिकारों के उल्लंघन की जानकारी होने पर उनके बारे में रिपोर्ट करें।

## और जानें

- मानवाधिकार नीति
- मानवाधिकार नीति आई-गाइड
- विक्रेता आचार संहिता



# हम कंपनी की संपत्तियों का ज़िम्मेदारी से उपयोग करते हैं

हमें Huntsman की सभी व्यावसायिक मूर्त और अमूर्त दोनों संपत्तियों की रक्षा करनी चाहिए। हमारी संपत्ति में हमारी भौतिक और बौद्धिक संपदा, गोपनीय जानकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया खाते शामिल हैं।



# भौतिक संपत्ति का ज़िम्मेदारी से उपयोग

Huntsman ने एक वैश्विक कंपनी के रूप में दशकों दुनिया भर में काम करते हुए कई भौतिक संपत्ति अर्जित की हैं। हमारी भौतिक संपत्ति में हमारे कार्यस्थल, टूल और उपकरण, वाहन, कंप्यूटर, कार्यालय का सामान, धन, और बहुत कुछ शामिल हैं। ये संपत्ति न केवल हमारे *लिए* बहुमूल्य हैं—बल्कि, हम इनका उपयोग अपने भागीदारों और ग्राहकों को *लाभ* देने के लिए भी करते हैं। इन संपत्तियों के लिए हम सभी ज़िम्मेदार हैं। हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए और ईमानदारी के साथ इनका उपयोग करना चाहिए। हम अपनी भौतिक संपत्ति को कभी भी नुकसान, बर्बादी या अन्यथा गलत उपयोग के जोखिम में नहीं डालते हैं।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

अपनी भौतिक संपत्ति का उपयोग ज़िम्मेदारी से करने के लिए:

- केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए हमारी भौतिक संपत्ति का उपयोग करें।
- कार्यस्थलों, वाहनों और प्रौद्योगिकी का उपयोग नहीं किए जाने पर उचित तालों और पासवर्ड के उपयोग से सुरक्षित करें।
- कभी भी अनधिकृत कर्मचारियों को हमारी भौतिक संपत्ति पर जाने या उपयोग करने की अनुमति न दें।
- दुर्घटनाओं और टूट-फूट के कारण भौतिक संपत्ति को नुकसान होने के बारे में रिपोर्ट करें।
- हमारी भौतिक संपत्ति का उपयोग करते समय सभी प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का पालन करें।

## और जानें

- व्यवसाय यात्रा और व्यय नीति
- कंप्यूटर, ईमेल और इंटरनेट उपयोग नीति
- कंप्यूटर, ईमेल और इंटरनेट उपयोग नीति आई-गाइड



## हेराफेरी

**हेराफेरी** का अर्थ है बेईमानी, अनुचित कार्य, या किसी ऐसी चीज़ का अनुचित रूप से उपयोग किया जाना जिसका संबंध अन्य किसी व्यक्ति से है। हम कभी भी Huntsman की भौतिक संपत्ति का दुरुपयोग नहीं करते हैं या किसी और को ऐसा करने की अनुमति नहीं देते हैं। अपने कार्यस्थल में किसी भी हेराफेरी से अवगत होने पर अपनी आवाज़ उठाएं।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मैं Huntsman की सेल्स टीम का हिस्सा रहते हुए अक्सर यात्रा करता हूं। मैं अपनी पत्नी को मियामी में किसी व्यावसायिक यात्रा पर ले जाना चाहता हूं। वह अपनी नौकरी से समय निकाल सकती है, और हम एक साथ शाम का आनंद ले सकते हैं। क्या मैं हम दोनों के लिए अपने Huntsman कॉर्पोरेट यात्रा और व्यय कार्ड का उपयोग कर सकता हूं? मैं क्रेडिट कार्ड कंपनी को उसके आधे खर्चों के लिए अपनी जेब से भुगतान कर सकता हूं।

**A:** नहीं। Huntsman यात्रा और व्यय कार्ड ऐसी संपत्ति है जिसका उपयोग केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाना होता है। आपको या आपकी पत्नी को उसके सभी खर्चों के लिए अलग से भुगतान करना होगा। अपने व्यावसायिक खर्चों का सावधानीपूर्वक दस्तावेज़ीकरण करें और उन्हें सभी व्यक्तिगत खर्चों से अलग रखें।



# गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा की रक्षा करना

कंपनी की भौतिक संपत्ति की तरह, हमारी गोपनीय और मालिकाना जानकारी और हमारी बौद्धिक संपदा (IP) हमें अपने भागीदारों और ग्राहकों को लाभ पहुंचाने में मदद करती है। इस जानकारी में Huntsman के बारे में अनूठी बातें भी शामिल हैं। यह हमें अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अलग पहचान देती है और हमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देती है। नवाचार की खोज में हमारी कड़ी मेहनत ने इस रणनीतिक ज्ञान को जन्म दिया है। भविष्य में भी ग्राहकों के लिए हमारे मूल्य को सुनिश्चित करने के लिए हम सभी को अपनी मालिकाना जानकारी की रक्षा करनी चाहिए।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा की रक्षा करने के लिए:

- IP विकसित करने के लिए विधि विभाग और हमारे डिवीज़नल बौद्धिक संपदा प्रबंधकों के साथ मिलकर काम करें।
- कभी भी Huntsman का नाम, लोगो या ट्रेडमार्क का दुरुपयोग या उसका परिवर्तन न करें।
- विधि विभाग को कंपनी डेटा या IP में किसी भी हेराफेरी या दुरुपयोग के बारे में रिपोर्ट करें।
- केवल उन्हीं अधिकृत सहयोगियों के साथ IP साझा करें जिनके लिए जानना आवश्यक हो।
- सार्वजनिक स्थानों, जैसे लिफ़्ट, कैफ़े और हवाई अड्डों में गोपनीय जानकारी पर कभी चर्चा न करें।
- कभी भी गोपनीय जानकारी को सार्वजनिक रूप से उदाहरण के लिए, लैपटॉप या टैबलेट पर प्रदर्शित न करें।
- सभी गोपनीय जानकारी को एन्क्रिप्शन और पासवर्ड जैसी उचित सुरक्षा के साथ सुरक्षित रखें।

## और जानें


- विधि विभाग की बौद्धिक संपदा टीम से संपर्क करें



## गोपनीय जानकारी को समझना

गोपनीय जानकारी के कई रूप हो सकते हैं। उदाहरण के लिए:

- पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट बनाने और अंततः दर्ज करने में उपयोग की जाने वाली जानकारी
- व्यापार रहस्य
- प्रक्रिया और उत्पाद जानकारी
- विनिर्माण योजनाएं और क्षमताएं
- अनुसंधान और विकास योजनाएं और जानकारी
- ग्राहक सूची
- व्यवसाय की योजना और परिणाम
- बोली की जानकारी
- अप्रकाशित मूल्य निर्धारण जानकारी
- नई उत्पाद योजनाएं
- आंतरिक रिपोर्ट, नीतियां और प्रक्रियाएं



## तीसरा-पक्ष बौद्धिक संपदा

Huntsman के व्यवसाय को अंजाम देते समय हम हमेशा दूसरों के IP अधिकारों का सम्मान करते हैं। किसी अन्य पार्टी के आईपी का अनधिकृत उपयोग या दुरुपयोग करने से व्यक्तिगत सहयोगियों और Huntsman को पर्याप्त मात्रा में नागरिक और आपराधिक दंड भुगतने पड़ सकते हैं।

हमें Huntsman की ओर से उपयोग के लिए किसी तीसरे पक्ष की कॉपीराइट सामग्री (या उनके आधार पर अन्य कार्य) की प्रतिलिपि नहीं बनानी चाहिए जब तक कि हमें ऐसा करने की अनुमति नहीं मिली हो। इंटरनेट के माध्यम से या कॉपीराइट नोटिस के बिना उपलब्ध सामग्री ज़रूरी नहीं है कि हमारे उपयोग के लिए मुफ्त हो।

Huntsman IP अधिवक्ता से तुरंत संपर्क करें यदि:

- तीसरे पक्ष के IP अधिकारों के बारे में कोई प्रश्न पूछा जाता हो।
- कोई तीसरा पक्ष दावा करता हो कि उसके IP अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

हम कभी भी Huntsman IP अधिवक्ता की मंज़ूरी के बिना ऐसे किसी भी दावे का जवाब नहीं देते हैं।

## उत्तर तैयार करना

**Q:** मेरी एक नई कर्मचारी पहले Huntsman के प्रतिद्वंदी के यहां नौकरी करती थी। उनका हमारे यहां नौकरी करना बहुत सौभाग्य की बात है। मुझे लगता है कि वह हमें हमारे प्रतिद्वंदी की ग्राहक सूचियों के बारे में कुछ उपयोगी जानकारी प्रदान कर सकती हैं। क्या मैं व्यावसायिक उद्देश्यों के उपयोग के लिए उनसे यह जानकारी मांग सकता/सकती हूं, और मैं अपनी टीम के बाहर किसी को इसके बारे में नहीं बताऊंगा/बताऊंगी?

**A:** नहीं। हम कभी भी किसी प्रतियोगी के बारे में गैर-सार्वजनिक या गोपनीय जानकारी नहीं मांगते हैं। हमारे सभी नए कर्मचारियों को Huntsman के मूल्यों को सीखना चाहिए, और उन मूल्यों का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए हम सभी ज़िम्मेदार हैं। हमें सत्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व करना चाहिए। पूर्व नियोक्ता से गोपनीय जानकारी का आग्रह या खुलासा करना हमारे मूल्यों के विरुद्ध है और ऐसा करना अवैध हो सकता है। हम कभी भी खुद को या दूसरों को ऐसी स्थिति में नहीं रखते हैं जो गैर-कानूनी आचरण का कारण बने।

# सूचना प्रौद्योगिकी की सुरक्षा करना

हम अपने नेटवर्क और कंप्यूटर प्रणाली का उपयोग नैतिक और कानूनी रूप से करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। हम Huntsman प्रणाली का उपयोग गैर-कानूनी रूप से कभी नहीं करते हैं। हमारी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली हमें अपने व्यावसायिक लक्ष्यों की खोज में संवाद और समन्वय करने की अनुमति देती है। अपने सभी संचार में ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए, हमें अपने आईटी प्रणालियों की रक्षा करनी चाहिए। हमारे संचार बुनियादी ढांचे में संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी शामिल होती है और उसका संग्रह किया जाता है। कई बार, Huntsman को सुरक्षा कारणों से उपकरणों और आईटी प्रणालियों की निगरानी करने की आवश्यकता हो सकती है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

अपनी सूचना प्रौद्योगिकी की रक्षा करने के लिए:

- सभी इलेक्ट्रॉनिक संदेशों (ईमेल, टेक्स्ट संदेश, पोस्ट, आदि) को उसी सावधानी से लिखें जो हम Huntsman के सभी दस्तावेज़ों के निर्माण पर लागू करते हैं।
- ध्यान रखें कि इलेक्ट्रॉनिक संदेश संग्रहीत और पुनर्प्राप्त करने योग्य होते हैं, और इन्हें आक्रामक या शत्रुतापूर्ण सामग्री से मुक्त होने चाहिए।
- सभी कंप्यूटर और आईटी उपकरणों को हर समय सुरक्षित और महफ़ूज़ रखें।
- हमारी संपत्ति पर उपयोग किए जाने वाले सभी सॉफ़्टवेयर संपत्ति प्रबंधन द्वारा अनुमोदित हों ऐसा सुनिश्चित करें।
- Huntsman के सॉफ़्टवेयर या अन्य आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का कभी भी दुरुपयोग न करें, उसे कॉपी या उसकी चोरी न करें।
- केवल अधिकृत कर्मियों के पास कंप्यूटर और आईटी प्रणाली का एक्सेस सुनिश्चित करें।
- हमारे उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखें और उन्हें नियमित रूप से बदलें।
- कभी भी ईमेल या वेब पर संदिग्ध लिंक न खोलें।
- आईटी सुरक्षा में किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक और विधि विभाग को करें।

## और जानें

- कंप्यूटर, ईमेल और इंटरनेट उपयोग नीति
- कंप्यूटर, ईमेल और इंटरनेट उपयोग नीति आई-गाइड



# सोशल मीडिया का उपयोग करना और सार्वजनिक पूछताछ को संभालना

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सोशल मीडिया का उपयोग हमारे मूल्यों को दर्शाता हो और Huntsman की सत्यनिष्ठा और साख को बनाए रखता हो। सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे काम करने, संवाद करने और आंतरिक रूप से हमारे सहयोगियों के साथ और बाहरी रूप से हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं और समुदायों के साथ बातचीत करने के तरीके लगातार बदलते रहते हैं। जहां सोशल मीडिया बातचीत के नए अवसर पैदा करता है, वहीं यह नई ज़िम्मेदारियां और जोखिम भी पैदा करता है।

सोशल मीडिया के उपयोग का एक जोखिम Huntsman को हमारे मूल्यों और लक्ष्यों से असंगत रूप से प्रस्तुत करना है। हमें एक स्वर से जनता से बात करनी चाहिए। Huntsman की ओर से संचार हमारे प्रवक्ताओं द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए। सार्वजनिक पूछताछ हमेशा नामित सहयोगियों को निर्देशित की जानी चाहिए। इस प्रक्रिया का पालन करने से ही संचार के सभी चैनलों का सबसे अच्छा उपयोग किया जा सकता है।

## हमारी सफलता का फ़ॉर्मूला

सोशल मीडिया का सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए:

- सुनिश्चित करें कि सोशल मीडिया पर हमारा आचरण काम पर हमारे आचरण से मेल खाता है।
- साझा की जाने वाली चीज़ों के बारे में सर्वोत्तम निर्णय और सामान्य ज्ञान का उपयोग करें।
- कभी भी भेदभावपूर्ण, आपत्तिजनक या शत्रुतापूर्ण टिप्पणी ऑनलाइन माध्यम से न करें।
- सुनिश्चित करें कि Huntsman के बारे में सोशल मीडिया पोस्ट हमारी साख को संरक्षित करती या बढ़ाती हो।
- सोशल मीडिया पर कभी भी Huntsman का प्रवक्ता न बनें।
- कभी भी गोपनीय और गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा न करें।
- वैश्विक संचार के लिए सभी सार्वजनिक पूछताछ Social_Media@Huntsman.com पर भेजें।

## और जानें

- सोशल मीडिया नीति
- सोशल मीडिया नीति आई-गाइड



## सोशल मीडिया का व्यक्तिगत उपयोग


कभी-कभी आपको Huntsman के बारे में पोस्ट करने के लिए अपने व्यक्तिगत सोशल मीडिया खाते का उपयोग करने की इच्छा हो सकती है। इन बातों को ध्यान में रखें:

### क्या करें

- स्पष्ट करें कि आप Huntsman के सहयोगी हैं लेकिन आपके विचार आपके अपने हैं।
- काम पर सोशल मीडिया के व्यक्तिगत उपयोग से सावधान रहें।
- यदि आप प्रबंधक हैं, तो आपको विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि आपकी पोज़ीशन लोगों को विश्वास दिला सकती है या वे अनुमान लगा सकते हैं कि आप Huntsman के प्रवक्ता हैं।

### क्या नहीं करें

- नकारात्मकता पर प्रतिक्रिया न दें।
- Huntsman के ईमेल पते का उपयोग न करें।



## सार्वजनिक पूछताछ को समझना

एक गलत टिप्पणी या संदर्भ से बाहर की गई टिप्पणी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यहां तक कि निम्नलिखित में से किसी भी समूह के सदस्य से Huntsman की आधिकारिक जानकारी के लिए अनौपचारिक अनुरोध चिंता का विषय है:

- निवेशक
- प्रतिभूति विश्लेषक
- रेटिंग एजेंसियां
- प्रेस के सदस्य
- Huntsman स्टॉक या ऋण प्रतिभूतियों के धारक
- कोई अन्य प्रमुख सार्वजनिक संपर्क

सुनिश्चित करें कि ऐसी कोई भी पूछताछ वैश्विक संचार टीम को निर्देशित की जाती हो।

# निष्कर्ष: हमारे लोग *सबसे* बेहतरीन हैं



## सारांश

Huntsman में, हमारे मूल मूल्य—ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सम्मान और ज़िम्मेदारी—सफलता के लिए हमारे फ़ॉर्मूला को परिभाषित करते हैं। जब बात उन मूल्यों को लागू करने की हो, तो हमारे लोग सबसे उत्कृष्ट हैं। यदि आप नैतिकता से संबंधित व्यावसायिक स्थिति के बारे में अनिश्चित हैं, तो इन दिशानिर्देशों, या नीचे सूचीबद्ध कई संसाधनों में से एक से परामर्श करें। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे या अपनी भूमिका के पहलू पर अपनी स्मृति को ताज़ा करने के लिए दिशानिर्देशों का उपयोग करें। Huntsman में आपके चयन आपके पेशेवर योगदान के समान ही मूल्यवान है। इन दिशानिर्देशों की मदद से अपनी चुनौतियों का सामना करने और विजय हासिल करने में हमारे मूल्यों का उपयोग करें।

## संसाधन

- आपका लाइन प्रबंधक
- आपका स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपका परिसर अनुपालन अधिकारी: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/facility-compliance-officers
- कोई भी अनुपालन चैम्पियन: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/compliance-champions
- नैतिकता और अनुपालन टीम: https://ethicsandcompliance.huntsman.com/en/contacts/ethics-and-compliance-team और ethics@huntsman.com
- मुख्य अनुपालन अधिकारी
- विधि विभाग
- सामान्य परामर्शदाता
- स्पीक अप हॉटलाइन: www.huntsman.com/speakup (देश-विशिष्ट फ़ोन नंबरों के लिए नैतिकता और अनुपालन इंट्रानेट साइट देखें)

## छूट

हमारे व्यापार आचरण दिशानिर्देश Huntsman के सभी सहयोगियों, अधिकारियों और निदेशकों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए, शायद ही कभी और केवल बहुत सीमित परिस्थितियों में हमारे दिशानिर्देशों में छूट दी जाती है। कार्यकारी अधिकारियों या निदेशकों के लिए छूट को निदेशक मंडल द्वारा अग्रिम रूप से अनुमोदित किया जाना चाहिए। कुछ परिस्थितियों में, शेयर धारकों को छूट का तुरंत खुलासा किया जाना चाहिए। हम उन छूटों के बारे में रिपोर्ट करते हैं जिन्हें लागू कानूनों और विनियमों द्वारा आवश्यक रूप से प्रदान किया गया है।



HUNTSMAN

Enriching lives through innovation

ethics & compliance